11 मार्च, 2019 - प्रीलिम्स फैक्ट्स

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelim-facts-11-03-2019

CISF

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में इंदिरापुरम स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के 50वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया।

- CISF (Central Industrial Security Force) एक **केंद्रीय सशस्त्र बल** है जिसे **'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968'** के तहत गठित किया गया था।
- यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आता है।
- CISF पूरे भारत में स्थित औद्योगिक इकाइयों, सरकारी अवसंरचना परियोजनाओं और सुविधाओं तथा प्रतिष्ठानों को सुरक्षा कवच प्रदान करता है।
- परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, खानों, तेल क्षेत्रों और रिफाइनरियों, मेट्रो रेल, प्रमुख बंदरगाहों आदि जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को CISF द्वारा संरक्षित किया जाता है।
- भारत में अन्य केंद्रीय सशस्त्र बलों में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (Central Reserve Police Force-CRPF), सीमा सुरक्षा बल (Border Security Force-BSF), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (Indo-Tibetan Border Police-ITBP), सशस्त्र सीमा बल (Sashastra Seema Bal-SSB) शामिल हैं।

NCRB का 34वाँ स्थापना दिवस

- 11 मार्च, 2019 को राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (National Crime Record Bureau- NCRB) ने अपना 34वाँ स्थापना दिवस मनाया।
- NCRB के अनेक अधिकारियों को उनके कार्य के प्रति लगन एवं समर्पण के लिये प्रशस्ति प्रमाणपत्र प्रदान करने के साथ-साथ क्रीडा एवं अन्य स्पर्द्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- गौरतलब है कि NCRB का गठन 1986 में हुआ था यह देश में अपराध आँकड़ों का संग्रह, रखरखाव एवं विश्लेषण के लिये उत्तरदायी है।
- NCRB नीतिगत मामलों एवं अनुसंधान के लिए अपराध, दुर्घटनाओं, आत्महत्याओं तथा कारागृहों पर आँकड़ों के प्रामाणिक स्रोत के लिये एक नोडल एजेंसी है।
- यह भारत सरकार की राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के तहत एक मिशन मोड परियोजना, अपराध एवं अपराधियों की ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली (The Crime and Criminal Tracking Networks and Systems- CCTNS) के कार्यान्वयन हेतु एक निगरानी एजेंसी है।
- CCTNS परियोजना का उद्देश्य देश में पुलिस कार्य की दक्षता में वृद्धि के लिये एक व्यापक एवं समेकित प्रणाली का

सृजन करना है।

- NCRB भारतीय पुलिस अधिकारियों एवं विदेशी पुलिस अधिकारियों के लिये सूचना प्रौद्योगिकी एवं फिंगर प्रिंट विज्ञान में प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।
- इसका उद्देश्य भारतीय पुलिस/जाँच अधिकारियों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी की सहायता प्रदान कर सशक्त बनाना है।

इडुक्की का मरयूर गुड़

- हाल ही में केरल के इडुक्की ज़िले में स्थित मरयूर के गुड़ को भौगोलिक संकेतक का दर्ज़ा प्राप्त हुआ।
- इस गुड़ का निर्माण पारंपरिक तरीके से किया जाता है।
- वर्तमान में मरयूर के गुड के नाम पर नकली गुड भी बाज़ार में बेचा जाता है जिससे असली गुड़ का दाम कम हो जाता है।
- GI टैग मिलने के बाद उपभोक्ताओं को असली गुड़ ही मिलेगी और किसानों को भी अच्छा दाम मिलेगा।
- ज्ञातव्य है कि GI टैग अथवा पहचान उस वस्तु अथवा उत्पाद को दिया जाता है जो कि विशिष्ट क्षेत्र का प्रतिनिधत्व करती है, या किसी विशिष्ट स्थान पर ही पाई जाती है अथवा वह उसका मूल स्थान हो।
- GI टैग कृषि उत्पादों, प्राकृतिक वस्तुओं तथा निर्मित वस्तुओं उनकी विशिष्ट गुणवत्ता के लिये दिया जाता है।

ओरांग राष्ट्रीय उद्यान

- ओरांग राष्ट्रीय उद्यान को राजीव गांधी ओरांग राष्ट्रीय उद्यान के रूप में भी जाना जाता है।
- यह असम के दरांग और सोनितपुर ज़िलों में ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर 78.81 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में स्थित है।
- इसे 1985 में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था, लेकिन 1999 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में घोषित किया गया था। इसे 2016 में देश का 49वाँ टाइगर रिजर्व घोषित किया गया।
- इसे काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (IUCN साइट) का छोटा रूप भी माना जाता है क्योंकि दोनों पार्कों में एक समान परिदृश्य है जो दलदल, जलधाराओं और घास के मैदानों से बना है।
- यह ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर गैंडों का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है। अरुणाचल प्रदेश में कामलांग टाइगर रिजर्व को 50वाँ नवीनतम टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया है।